आएगा मेरा बाबा

आएगा मेरा बाबा मुझे पूरा है विश्वास,
उनको कभी न भूले जिनको साँवरिया से आस

आँखों के ये आंसू, हाथो से पोछेगा,
फल सेवा का देगा, ये तनिक न सोचेगा
हम उसके दीवाने, जिसका खाटू में है वास
आएगा मेरा बाबा मुझे पूरा है विश्वास

हारे हुए को जिताना, ये इसका है स्वभाव,
जो हार गया दुनिया से, वो आया इसके पास
मुझको शरण मे लेले, तेरी चौखट का मैं दास
आएगा मेरा बाबा, मुझे पूरा है विश्वास

नाचता गाता आया, मैं पैदल तेरे पास,
साँवरिया की सेवा, भक्तो को आती रास
सबपर कृपा तुम करना, "अंकित" की ये अरदास
आएगा मेरा बाबा, मुझे पूरा है विश्वास

आएगा मेरा बाबा, मुझे पूरा है विश्वास,
उनको कभी न भूले जिनको साँवरिया से आस

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16409/title/aayega-mera-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |